दिनांक : 15.02.2026

समय : 07.10AM

आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :–

- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज लॉन्च करेंगे डिजिटल रुपये पर आधारित देश की पहली राशन प्रणाली
- महाशिवरात्रि पर महाकाल में आस्था का सैलाब, रातभर खुले रहेंगे पट
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जारी की लाड़ली बहना की 33वीं किस्त, बहनों के खातों में 1836 करोड़ रुपए ट्रांसफर
- कोलंबो में आज भारत-पाक के बीच महा मुकाबला, शाम 7 बजे होगी टक्कर

डिजिटल रुपये- अमित शाह

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज गुजरात के गांधीनगर देश की पहली डिजिटल रुपये पर आधारित राशन व्यवस्था की शुरुआत करेंगे। इस नई व्यवस्था का मकसद राशन वितरण को पूरी तरह पारदर्शी बनाना और गड़बड़ियों को खत्म करना है। इसके साथ ही अनाज एटीएम और खास पोषण अभियान भी शुरू किया जाएगा।

महाशिवरात्रि

आज महाशिवरात्रि का पर्व पूरे देश में श्रद्धा और आध्यात्मिक उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को महाशिवरात्रि की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं. आज उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। मध्यरात्रि 2.30 बजे मंदिर के पट खोले गए. परंपरा के अनुसार महाकाल को दिनभर जल अर्पित किया जाएगा। चार पहर की

पूजा के चलते मंदिर रात भर खुला रहेगा। 16 फरवरी की रात शयन आरती के बाद करीब 10:45 बजे मंदिर के पट बंद होंगे।

लाड़ली बहना योजना- मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल खंडवा के पंधाना में लाड़ली बहना योजना की 33वीं किस्त जारी की। उन्होंने 1.25 करोड़ से अधिक महिलाओं के खातों में 1836 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए। उन्होंने कहा कि बहनें प्रदेश की शक्ति हैं और उनके सशक्तिकरण के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

बुरहानपुर घोषणा- मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुरहानपुर में मिनी एयरपोर्ट बनाने की बड़ी घोषणा की है। उन्होंने कहा कि इससे जिले के उद्योग, व्यापार और कृषि क्षेत्र को नई उड़ान मिलेगी। बुरहानपुर में आयोजित कार्यक्रम में कल मुख्यमंत्री ने 696 करोड़ 37 लाख रुपये के 80 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन भी किया।

शिवराज सिंह चौहान- राष्ट्रहित

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस पर राष्ट्रहित की अनदेखी करने का आरोप लगाया है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि देश आर्थिक विकास के अहम दौर से गुजर रहा है, लेकिन कांग्रेस और राहुल गांधी झूठ और भ्रम फैलाने में लगे हैं।

## वित बजट

राज्य सरकार 18 फरवरी को विधानसभा में वित वर्ष 2026-27 का पहला पेपरलेस बजट पेश करेगी. इस बार पारंपरिक सूटकेट और मोटी बजट पुस्तिकाओं की जगह टेबलेट और डिजिटल दस्तावेजों का उपयोग किया जाएगा। सिर्फ वित्त मंत्री का भाषण और एक संक्षिप्त बजट हैंडआउट ही मुद्रित रूप में उपलब्ध होगा। सरकार ने साल 2026 को कृषि वर्ष घोषित किया है, इसलिए बजट में कृषि क्षेत्र के लिए विशेष प्रावधान किए जाने की संभावना है।

## भाजपा फॉर विकसित केरलम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल भोपाल में 'भाजपा फॉर विकसित केरलम' कार्यक्रम के तहत केरल से आए निकाय जनप्रतिनिधियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केरल निकाय चुनाव में भाजपा और एनडीए की सफलता जनता के भरोसे का मजबूत संकेत है। केरल से आए 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री निवास पर उनसे मुलाकात भी की।

## रेलवे सफाई

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कल कहा कि अब रेलवे के जनरल कोच की सफाई भी फर्स्ट क्लास की तरह की जाएगी। इस पहल के तहत छह महीने के भीतर लंबी दूरी की 80 ट्रेनों को चिन्हित किया जाएगा। इन ट्रेनों में हर एक से डेढ़ घंटे के अंतराल पर सफाई के लिए अलग से कर्मचारी तैनात रहेंगे। उन्होंने बताया

कि कंबल और चादर के वितरण, पैकिंग और धुलाई का काम अब एक ही एजेंसी करेगी।

लूट और डकैती

राज्य की पुलिस ने पिछले तीन दिनों में कार्रवाई करते हुए चोरी, लूट और डकैती के मामलों में 79 लाख रुपये से ज्यादा की संपत्ति बरामद की है। पुलिस ने विदिशा में ज्वैलर्स की दुकान में हुई डकैती के मामले में एक आरोपी को जंगल से पकड़कर करीब 15 लाख रुपये की चांदी बरामद की। अलीराजपुर, मुरैना, सतना और दतिया में भी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर लाखों रुपये के सोने-चांदी के गहने, नगदी और अन्य सामान जब्त किए।

विकास कार्य- मत्स्य विकास राज्यमंत्री

राज्य के मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार ने कल राजगढ़ जिले की पांच ग्राम पंचायतों को करीब 1 करोड़ 76 लाख रुपये के विकास कार्यों की सौगात दी। इन गांवों में सीसी रोड, पेवर्स, सामुदायिक भवन और अन्य निर्माण कार्य कराए जाएंगे।

पालिका बाजार

प्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग के राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल ने कल कोतमा में पालिका बाजार शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का लोकार्पण किया। इस मौके

पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रही है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर खास जोर दिया जा रहा है।

राज्यपाल भेंट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रमुख सचिव डॉ. पीके मिश्रा ने कल भोपाल स्थित लोकभवन में मध्य राज्यपाल मंगुभाई पटेल से सौजन्य भेंट की। राज्यपाल ने डॉ. मिश्रा का अंगवस्त्र और साँची स्तूप की प्रतिकृति भेंट कर स्वागत किया। वहीं डॉ. मिश्रा ने भी पुष्पगुच्छ देकर राज्यपाल का अभिनंदन किया। इस दौरान दोनों के बीच विभिन्न विषयों पर चर्चा भी हुई।

वाहन मेला

उज्जैन में इंदौर रोड स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज मैदान पर आज से चार पहिया वाहनों का बड़ा मेला शुरू हो रहा है, जो 18 मार्च तक चलेगा। क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय की ओर से रोड टैक्स में 50 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी। मेले में 139 कार और 36 दोपहिया शोरूम लगाए गए हैं, साथ ही सात बैंकों के लोन काउंटर भी मौके पर मिलेंगे।

52वें खजुराहो डांस फेस्टिवल

खजुराहो में 20 से 26 फरवरी तक स्काई-डाइविंग फेस्टिवल आयोजित होगा। यह आयोजन 52वें खजुराहो डांस फेस्टिवल के दौरान किया जा रहा है। पर्यटक 10

हजार फीट की ऊंचाई से छलांग लगाकर खजुराहो के ऐतिहासिक स्थलों का रोमांचक नज़ारा देख सकेंगे। इस एडवेंचर गतिविधि के लिए करीब 30 हजार रुपये शुल्क रखा गया है और सुरक्षा के लिए अंतरराष्ट्रीय मानकों का पालन किया जाएगा।

टी20 विश्व कप

पुरुष टी20 विश्व कप में आज भारत और पाकिस्तान के बीच कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में शाम 7 बजे मैच खेला जाएगा। वहीं भारतीय महिला टीम आज सिडनी में तीन मैचों की टी20 सीरीज़ के पहले मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी, मैच दोपहर 1:45 बजे शुरू होगा। टीम की कप्तानी हरमनप्रीत कौर करेंगी।

मौसम

पश्चिमी विक्षोभ के असर से राज्य में मौसम एक बार फिर करवट ले सकता है। भोपाल मौसम केंद्र ने 18 और 19 फरवरी को प्रदेश के कुछ हिस्सों में बारिश की संभावना जताई है। इससे पहले दिन और रात के तापमान में करीब 2 से 3 डिग्री तक बढ़ोतरी होने के आसार हैं। मौसम विभाग के मुताबिक ग्वालियर-चंबल और सागर संभाग के जिलों में बारिश हो सकती है, जबकि आसपास के इलाकों में बादल छाए रहेंगे।

अब कुछ समाचार संक्षेप में.......

1- महाशिवरात्रि के पावनपर्व पर आगरमालवा जिले के विभिन्न शिवालयों में विशेष पूजा-अर्चना व अनुष्ठान को दौर ब्रहम मुर्हुत से शुरू हुआ। वहीं गुना

के केदारनाथ और मालपुर गुफा में भक्तों की भारी भीड रहेगी। इंदौर ज़िले के शिव मंदिरों में पूजा अर्चना सुबह से ही जारी है इसके साथ ही देवगुराड़िया में प्राचीन शिव मंदिर में आज से 3 दिवसीय भव्य मेले की शुरुआत होगी।

2- चेतन्य कश्यप ने रतलाम इन्वेस्टमेंट जोन की समीक्षा की। यहां चार नई यूनिटों को करीब 150 हेक्टेयर जमीन दे दी गई है। इससे उद्योग और रोजगार बढ़ने की उम्मीद है।

3- धार में तीन दिन चला कृषि मेला खत्म हो गया है। मेले में किसानों ने 40 लाख रुपये से ज्यादा के आधुनिक खेती के औजार खरीदे।

4- देवी अहिल्याबाई होलकर अंतरराष्ट्रीय विमानतल को बड़ी उपलब्धि मिली है। सेवा गुणवत्ता सर्वे में इसे भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के एयरपोर्ट्स में तीसरा स्थान मिला है। और

5- पन्ना में आयुष विभाग ने NMDC के गहरा स्थित वृद्धाश्रम में शिविर लगाया। यहां दो दिन तक बुजुर्गों का हेल्थ चेकअप किया गया।